पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# मेडिकल कॉलेज, तिलोई अमेठी के निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु उच्चस्तरीय बैठक संपन्न

## **NMC** निरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुए समयबद्ध कार्यों पर विशेष बल

## सभी औपचारिकताएं समय से पूर्ण करने के माननीय मंत्री जी के निर्देश

लखनऊ : 19 जुलाई, 2025

मेडिकल कॉलेज, तिलोई अमेठी में प्रस्तावित राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) निरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज दिनांक 19 जुलाई 2025, प्रातः 11रू00 बजे, कार्यालय कक्ष संख्या–18, नवीन भवन, लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह (संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं मातृ–शिशु कल्याण विभाग) ने की। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि मेडिकल कॉलेज, तिलोई अमेठी से संबंधित समस्त निर्माण कार्य, संसाधनों की उपलब्धता, शैक्षणिक और चिकित्सकीय ढांचे की पूर्ति, तथा अन्य प्रशासनिक आवश्यकताएं 20 अगस्त, 2025 तक पूर्ण कर ली जाएं।

मंत्री जी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज, तिलोई अमेठी के संदर्भ में सभी आवश्यक औपचारिकताएं समय से पूर्ण की जाएं तथा इसकी प्रगति की नियमित सूचना चिकित्सा शिक्षा विभाग को दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कमी न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति, उपकरणों की उपलब्धता, फैकल्टी की नियुक्ति, हॉस्टल व अन्य अधोसंरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि आपसी समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करें तथा किसी प्रकार की देरी से बचा जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि NMC के दिशा–निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मौजूद हों।

मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने यह भी कहा कि यह परियोजना जनहित से जुड़ी है और इसका सीधा संबंध क्षेत्र के युवाओं के भविष्य तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण से है। अतः किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव श्री पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव सुश्री अपर्णा यू, महानिदेशक सुश्री किन्जल सिंह, विशेष सचिव सुश्री कृतिका शर्मा, अपर निदेशक श्रीमती नीलम, लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री प्रकाश बिंदु, पीएमजेएसवाई प्रयागराज के मुख्य अभियंता श्री सतीश चंद्रा, तथा अधीक्षण अभियंता श्री नरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

---

सम्पर्क सूत्र– लाल कमल/अखिलेशमणि त्रिपाठी

राम यतन/03:40 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in